**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**12.12.2025 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1568 का उत्तर**

**नए पूर्वी तट रेलवे जोन के लिए डीपीआर**

**1568. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) नए पूर्वी तट रेलवे जोन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि नए रेलवे जोन में नए बोर्ड के लिए आवश्यक कर्मचारियों की भर्ती के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड नहीं है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या इस संबंध में राजपत्र जारी किया गया है और यदि नहीं, तो यह कब तक जारी किया जाएगा?

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क) से (घ): पूर्व तट रेल भारतीय रेलवे का एक मौजूदा रेलवे ज़ोन है जिसका मुख्यालय भुवनेश्वर में है। पूर्व तट रेलवे के लिए राजपत्र अधिसूचना 5 जुलाई, 2002 को जारी की गई थी और इस रेलवे को 1 अप्रैल, 2003 से परिचालित किया गया था।

भारतीय रेल एक अखिल भारतीय स्तर का संगठन है। भारतीय रेल में समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती देश भर में स्थित 21 रेलवे भर्ती बोर्डों द्वारा की जाती है। रेलवे भर्ती बोर्ड की स्थापना भारतीय रेल के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के आधार पर की गई है, न कि राज्यों, क्षेत्रों/जोनों के आधार पर। उम्मीदवार केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाओं के उत्तर में 21 रेलवे भर्ती बोर्ड में से किसी एक में आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं। उम्मीदवारों विशेष रूप से महिला उम्मीदवारों और बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) को जहां तक संभव हो, उनके निवास स्थान के पास केंद्र आवंटित किए जाते हैं। पूर्व तट रेलवे के क्षेत्र रेलवे भर्ती बोर्ड/भुवनेश्वर द्वारा पर्याप्त रूप से सेवित हैं।

*****